# प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 01.08.2025

## कूटरचना कर अवैध पासपोर्ट/वीजा तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसा लेने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लैपटाप, कम्प्यूटर, कूटरचित वीजा व अन्य सामान/दस्तावेज बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के आपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 407/25 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बी0 एन0 एस0 से संबंधित अभियुक्त विवेक गुप्ता को लैपटाप, कम्प्यूटर, कूटरचित वीजा व अन्य सामान/दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरणः-</u>**

अभियुक्तों द्वारा एशिया टेक ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेन्टर अशोक गैस गोदाम रोड नियर रेलवे लाईन सिंहडीया कूड़ाघाट गोरखपुर के नाम से विदेश भेजने हेतु ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा रहा था। अभियुक्तों द्वारा 03 लोगों (वादीगण) को विदेश (इजराईल) भेजने की बात कर प्रत्येक व्यक्ति से तीन लाख (300000) रूपये की मांग किया गया। पैसे लेने के बाद अभियुक्तों द्वारा अवैध कूटरचित वीजा व टिकट दिया गया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

विवेक गुप्ता पुत्र मोहनलाल गुप्ता निवासी देवरिया खास पोस्ट देवरिया खास थाना कोतवाली देवरिया जिला देवरिया

**<u>गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-</u>**

मु0अ0सं0 407/25 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 01 अदद लैपटॉप
2. 01 अदद मानीटर
3. 02 अदद प्रिन्टर
4. 01 अदद सी0पी0यू0
5. 02 अदद की-बोर्ड
6. 01 वाईफाई कनेक्टर
7. 02 अदद माऊस

8. 09 रसीद बुक अलग अलग मेडिकल सेन्टर के
9. 04 अदद कूटरचित वीजा
10. 163 अदद विजटिग कार्ड
11. 11 अदद पम्प लेट
12. 26 अदद इन्टरव्यू assessment form
13. 14 अदद जाब आफर लेटर / इम्लपलाय कॉन्ट्रैक्ट लेटर
14. 14 अदद ट्रेड टेस्ट फॉर्म
15. 02 अदद घोषणा पत्र
16. 21 अदद पैसे के लेन-देन के स्क्रीन शाट की छाया प्रति
17. 04 अदद मेडिकल रिपोर्ट डिमांड लेटर
18. 50 अदद इन्टरव्यू assessment form
19. 08 अदद बायोडाटा भरा हुआ
20. 01 अदद स्कैनर
21. वीजा 04 अदद (वादीगण का)

**<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>**

1. उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह चौकी प्रभारी ई0 कालेज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 सुनील कुमार यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 नीरज शाह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
4. हे0का0 अमलेश सिंह यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
5. का0 ताज विजय सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
6. का0 उदय कुमार सरोज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर